**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 17.10.2024 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दे दी है।
- उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने नई दिल्ली में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह से मुलाकात की।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडे के प्रवेश गेट से लेकर टर्मिनल भवन तक यात्रियों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट सेवा आरंभ की गई है।
- द्वीप समूह के प्रभारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फोटो मतदाता सूचियों के विशेष सार संशोधन की चल रही गतिविधियों की समीक्षा की।
- मध्योत्तर अण्डमान जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान छह हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को खाली कराया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दे दी है। यह वृद्धि एक जुलाई से प्रभावी होगी, जो मूल वेतन व पेंशन के पचास प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है, ताकि बढ़ती महंगाई से राहत प्रदान की जा सके। यह वृद्धि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप की गई है। डीए और डीआर दोनों में धनराशि भुगतान से राजकोष पर प्रति वर्ष नौ हजार चार सौ अड़तालीस दशमलव तीन पांच करोड़ रुपये का प्रभाव पड़ेगा। इससे केन्द्र सरकार के लगभग उनचास दशमलव एक आठ लाख कर्मचारियों और चौंसठ दशमलव आठ नौ लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने नई दिल्ली में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपराज्यपाल ने पशुपालन मंत्री को अंडमान जल क्षेत्र में देश के एक तिहाई अनन्य आर्थिक क्षेत्रों के लाभों और भौगोलिक लाभों के बारे में अवगत कराया। उपराज्यपाल ने मत्स्य पालन और समुद्री उत्पाद क्षेत्रों में अपार क्षमताओं को भी रेखांकित किया। उन्होंने श्री विजया पुरम में समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और निर्यात निरीक्षण परिषद के कार्यालय स्थापित करने में अण्डमान निकोबार प्रशासन के प्रयासों को विस्तार से बताया। इसके अलावा, उन्होंने किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा की।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडे के प्रवेश गेट से लेकर टर्मिनल भवन तक यात्रियों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट सेवा आरंभ की गई है। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्द्र यादव और नागरिक उड्डयन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल ने कल

गोल्फ कार्ट सेवा का उद्घाटन किया। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में हवाई अड्डा निदेशक देवेन्द्र यादव ने कहा कि इस पहल से हवाई अड्डा परिसर में यात्रियों की आवाजाही में सुधार आएगा।

इससे पहले हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए और भी कई सेवाएं शुरू की गई है। हवाई अड्डे के नियमों के अनुसार ऑटो रिक्शा को परिसर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं है, जिसके कारण यात्रियों को टर्मिनल भवन तक पैदल यात्रा करना पड़ता है। गोल्फ कार्ट सेवा के आरंभ हो जाने से यात्री अब प्रवेश गेट तक आसानी से अपने सामानों के साथ पहुंच सकते हैं। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण यात्री सुविधा के निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की सुविधा के लिए हवाई अड्डे पर प्री–पेड टैक्सी सेवा, सिटी बस सेवा और स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री के लिए अवसर काउंटर मौजूद है। यह सेवा निशुल्क है और इस सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को यात्रा टिकट या बोर्डिंग पास दिखाना होगा।

<><><><><><><><><>

द्वीप समूह के प्रभारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित काले ने कल जिला उपायुक्त के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक बुलाई, जिसमें सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और सभी सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के साथ फोटो मतदाता सूचियों के विशेष सार संशोधन की चल रही पूर्व–संशोधन गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। भारत के चुनाव आयोग के निर्देशानुसार, बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा अंडमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में सभी प्रविष्टियों को सत्यापित करने के लिए घर–घर जाकर जांच का कार्य किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को सटीक जानकारी प्रदान करने के महत्व के बारे में आम जनता के बीच व्यापक जागरूकता बढ़ाने में उनके सहयोग की अपील की है।

<><><><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर ड्राइवरों और मजदूरों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत मिनी कार्गो ऑटो एसोसिएशन के ड्राइवरों और मजदूरों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह परिवारों, समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। इस अवसर पर परियोजना समन्वयक प्रियदर्शन राज ने नशामुक्त भारत के उद्देश्य को प्राप्त करने में पारिवारिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन ने रंगत तहसील में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिसमें छह हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अनधिकृत अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस अभियान में शांतनु गांव में एक हजार वर्ग मीटर और रामपुर गांव में पांच हजार वर्ग मीटर क्षेत्र को खाली कराया गया, जहां इन क्षेत्रों का उपयोग सुपारी और केले के बागानों के लिए किया जा रहा था। राजस्व और पुलिस विभाग के सहयोग से यह अभियान चलाया गया। मध्योत्तर अंडमान के जिला उपायुक्त दिलखुश मीना ने इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने में राजस्व अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और स्थानीय

निकायों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। जिला प्रशासन ने आम जनता से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करने की अपील की और चेतावनी दी कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के सहायक आयुक्त एस. कमलेश्वर राव ने राष्ट्रीय राजमार्ग ढांचागत विकास निगम लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को डिगलीपुर और मायाबंदर को जोड़ने वाली बम्बू टिकरी के पास पुल का तत्काल मरम्मत करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिया के ढहने का खतरा है और आस–पास के लोगों ने इस बारे में शिकायत की है। इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों को भी काफी खतरा है। सभी यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए सहायक आयुक्त ने इस संबंध में अट्ठारह अक्तूबर तक एक पूर्ण रिपोर्ट तैयार कर व्यापक कार्य परियोजना सौंपने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>